जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक– जे0एन0सी0यू0 / आर0कैम्प (प0सा0) / 180 / 2018 / दिनांक – 06.11.2018

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया

विषयः वर्ष 2018–19 के स्नातकोत्तर एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के **प्रथम सेमेस्टर के बैक पेपर / इम्प्रूवमेन्ट तथा भूतपूर्व परीक्षार्थी** हेतु सम्मिलित होन हेतु परीक्षा फार्म भरे जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में सूचित करना है कि वर्ष 2018–19 के स्नातकोत्तर स्तर के एम0ए0, एम0एससी0, एम0काम0 एवं एम0एससी0–एजी0 तथा बी0एड0, एम0एड0, बी0सी0ए0, एल0एल0बी0 एवं बी0पी0एड0 के **प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 08 दिसम्बर, 2018 से प्रस्तावित हैं।** प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेब–साइट एवं कालेज लाग इन पर अपलोड किया जा चुका है। प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम को परीक्षा समिति के अनुमोदन के उपरान्त यथाशीघ्र अन्तिम रूप प्रदान कर दिया जायेगा।

वर्ष 2017–18 की सेमेस्टर परीक्षाओं में जिन परीक्षार्थियों का परीक्षाफल बैकपेपर घोषित किया गया है अथवा परीक्षार्थी किन्ही कारणों से अनुपस्थित एवं अनुत्तीर्ण घोषित होने के कारण भूतपूर्व परीक्षार्थी के रूप मे वर्ष 2018–19 की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिये अर्ह हैं ऐसे समस्त परीक्षार्थी **21 नवम्बर, 2018** तक विश्वविद्यालय की बेव–साइट **jncu.ac.in** के **Academic/Exam Activity Monitoring System (2018-19)** पर उपलब्ध फार्म सीधे भर सकते हैं। बैक पेपर परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा शुल्क रू0 500 प्रति परीक्षार्थी निर्धारित है।

अतएव समस्त महाविद्यालयों से यह अनुरोध है कि परस्नातक एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में अनुत्तीर्ण घोषित परीक्षार्थियों से परीक्षाफार्म उक्त निर्धारित अवधि में भरे जाने हेतु अपने स्तर से सूचित करने का कष्ट करें।

(संजय कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. माननीय कुलपति जी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
2. वित्त अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
3. उप कुलसचिव, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
4. विश्वविद्यालय की बेव–साइट एवं सूचना पट हेतु

(संजय कुमार)
कुलसचिव